225206 - छात्रों के लिए विशिष्ट रियायती परिवहन कार्ड (पास) का कर्मचारी द्वारा उपयोग करने का हुक्म

प्रश्न

मैं तुर्की में पढ़ता हूँ। मेरे पास एक ट्रांसपोर्ट कार्ड (पास) है। मेरा कार्ड अन्य लोगों द्वारा उपयोग किए जाने वाले सामान्य कार्ड से सस्ता है। यह कार्ड केवल छात्रों के लिए है। इसे इसके मालिक को छोड़कर किसी अन्य के द्वारा उपयोग में लाना मना है। इस साल मैं काम के कारण विश्वविद्यालय में अपनी पढ़ाई के लिए नहीं जाता हूँ। मेरे साथ एक व्यक्ति काम करता है और उसे मेरे कार्ड की आवश्यकता है। क्या मैं यह उसे दे सकता हूँ? क्या यह धोखा नहीं है?

विस्तृत उत्तर

जब यह कार्ड (पास) केवल छात्रों को दिया जाता है, और इसके मालिक को छोड़कर किसी अन्य को इसका उपयोग करने की अनुमति नहीं है, तो आपके लिए इसे किसी और को देना जायज़ नहीं है; क्योंकि यह लोगों के धन को अवैध रूप से खाने के अंतर्गत आएगा। तथा आप उस कर्मचारी की वह चीज़ लेने में मदद करने वाले होंगे जिसका वह हक़दार नहीं है। और अल्लाह तआला ही सबसे अधिक ज्ञान रखता है।